

पौष्टिक आहार वितरित करते हुए।

# हमारा दून

## संक्षिप्त समाचार

### लोक अदालत का आयोजन 14 सितंबर को

**संवाददाता** देहरादून। सचिव व सिविल जज (सी0डि0) जिला विधिक सेवा प्राधिकरण देहरादन नेहा कुशवाहा ने अवगत कराया है कि राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण नैनीताल के निर्देशानुसार जनपद के समस्त न्यायालयों में 14 सितम्बर को राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया जाना सुनिश्चित हुआ है। उक्त लोक अदालत में फौजदारी के लघुवाद, दीवानी वाद, मोटर दुर्घटना प्रतिकर वाद, परिवार वाद, 138 एनआई एक्ट वाद आदि प्रकृति के वाद सुलह–समझौते के आधार पर निस्तारित किये जायेंगे।

### विरोध में केन्द्र सरकार का पुतला फूंका

**संवाददाता** देहरादून। संत शिरोमणि गुरु रविदास सभा समिति ने नई दिल्ली में संत रविदास मन्दिर को तोड़े जाने के विरोध में लैंसडाउन चौक पर केन्द्र की भाजपा सरकार का पुतला फूंका। संत शिरोमणि गुरु रविदास सभा समिति अध्यक्ष उमेश कुमार ने कहा की संत गुरुदास का मंदिर 600 साल पुराना था। क्या डीडीए जो अब जमीन का मालिक बना बैठा है, तब था? भाजपा के राज में दलितों का उत्पीड़न किया जा रहा है। केन्द्र सरकार की कमजोर पैरवी की बजह से दिल्ली में संत रविदास मंदिर अन्य स्थान पर स्थापित नहीं हो पाया है।

### कैबिनेट मंत्री और अभिनेत्री दिव्या दत्ता ने किया 10वें जेएफएफ का उद्घाटन

**संवाददाता** देहरादून। रांची और जमशेदपुर में अपार सफलता के बाद के बाद, 10 वां जेएफएफ देहरादून में आयोजित किया गया। श्री सुबोध उनियाल, कैबिनेट मंत्री और अभिनेत्री दिव्या दत्ता ने सिल्वरसिटी, देहरादून में तीन दिवसीय समारोह का उद्घाटन किया। फिल्म की स्क्रीनिंग के अलावा, फैस्टिवल में अभिनेत्री दिव्या दत्ता के साथ बातचीत और प्रश्नोत्तर बेहद इंटरेक्टिव थे और कुछ भूमिकाएं उन्होंने किस तरह निभाई, इस पर भी उन्होंने प्रकाश डाला। अर्जेंटीना जेएफएफ के इस एडीशन के लिए देश का फोकस पार्टनर है।

### भारत में दस में से आठ बच्चे ओरल हेल्थ समस्याओं से है पीड़ित

**संवाददाता** देहरादून। कोलगेट पामोलिव (इंडिया) लिमिटेड के लिए कांतर आईएमआरबी द्वारा किए गए नए राष्ट्रीय अध्ययन में सामने आया है कि भारत में 10 में से 8 बच्चों को ओरल हैल्थ की समस्या है, यानि इस पर तत्काल ध्यान दिए जाने की आवष्यकता है। इनमें से कुछ प्रमुख ओरल हैल्थ की समस्याओं में प्लाक का जमना, दांतों पर सफेद धब्बे, विजिबल केयरीज, मसूढ़ों का सूजना, सांस में बदबू और मसूढ़ों से खून आना शामिल है।

## कुपोषित बच्चों को पौष्टिक आहार वितरित किया

**संवाददाता** देहरादून। पोषण अभियान–2019 के अन्तर्गत 'कुपोषण मुक्ति हेतु गोद अभियान' को सफल बनाने हेतु मुख्यमंत्री उत्तराखण्ड द्वारा राज्य में कुपोषण मुक्ति हेतु अभियान की शुरूआत करते हुए राज्य के मंत्रीगणों, अधिकारियों एवं उद्योगपतियों को कुपोषित–अति कुपोषित बच्चों को गोद लेने का आह्वारन किया गया था। जनपद में पोषण अभियान के अन्तर्गत विभिन्न अधिकारियों द्वारा क्षेत्रवार ऐसे बच्चों को कुपोषण से मुक्त करने हेतु जिम्मेदारी लेते हुए माता–पिता से मुलाकात कर बच्चों को दिये जाने वाले पौष्टिक आहार भी वितरित किया तथा उनका नियमित रूप से ध्यान रखने एवं विभिन्न पहलुओं की जानकारी दी गयी। कार्यक्रम के तहत जिला अर्थ एवं संख्या अधिकारी बी.एस परमार द्वारा शास्त्रीनगर आंगनवाड़ी केन्द्र पर, जिला क्रीड़ा अधिकारी आंगनवाड़ी केन्द्र अमरनाथ कॉलोनी, जिला कार्यक्रम अधिकारी बाल विकास क्षमा बहुगुणा ने गांधी ग्राम आंगनवाड़ी केन्द्र पर कुपोषित बच्चों को पौष्टिक आहार वितरण करने के साथ ही बच्चों के माता–पिता को बच्चों की ठीक प्रकार से रेख–देख करने बच्चों के उचित खान–पान की भी जानकारी सलाह दी गयी। अभियान के तहत् विभिन्न अधिकारियों द्वारा उनको आवंटित क्षेत्र में जाकर बच्चों को पौष्टक आहार वितरित करने के साथ ही उपस्थित लोगों को बच्चों के पौष्टिक आहार एवं अन्य महत्वपूर्ण जानकारी दी गयी।

# प्रोजेक्ट हर हाल में निर्धारित समय से पूर्व पूर्ण किए जाएं

**समीक्षा**

सीएम ने की सिंचाई एवं पर्यटन विभाग की समीक्षा

निर्देशः अधिकारी प्रत्येक माह कार्य स्थल का भ्रमण कर कार्य की प्रगति देंखे

**संवाददाता**

देहरादून। मुख्यमंत्री त्रिवेन्द्र सिंह रावत ने शुक्रवार को सचिवालय में सिंचाई एवं पर्यटन विभाग की समीक्षा की। सीएम डेशबोर्ड पर आधारित की–परर्फोमेंस इंडिकेटर पर आधारित समीक्षा के दौरान मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को निर्देश दिये कि विभिन्न प्रोजक्ट के लिए जो लक्ष्य निर्धारित किये गये हैं, हर हाल में निर्धारित समय से पूर्व पूर्ण कर लिये जाय। अधिकारी प्रत्येक माह कार्य स्थल का भ्रमण कर कार्य की प्रगति देंखे। उन्होंने सचिव स्तर से भी फील्ड में कार्यों का निरीक्षण किया जाए। खराब नलकूपों को तुरंत ठीक करने की व्यवस्था सुनिश्चित की जाए। किसानों को सिंचाई के लिए पानी की कमी न हो, इसके लिए जरूरत पड़ने पर, अतिरिक्त पम्पों की व्यवस्था भी रखी जाय।



सचिवालय में सिंचाई एवं पर्यटन विभाग की समीक्षा बैठक लेते मुख्यमंत्री।

मुख्यमंत्री ने कहा कि सौंग व जमरानी बांध बड़े प्रोजक्ट हैं। सौंग बांध का डिजाइन, फॉरेस्ट क्लीयरेंस व इन्वायरमेंटल क्लीयरेंस का कार्य जल्द कर लिया जाय। इसके लिए एक सीनियर अधिकारी की जिम्मेदारी तय की जाय। जमरानी बांध बहुउद्देशीय परियोजना के लिए भी सभी क्लीयरेंस सम्बन्धी कार्य जल्द कर लिए जाएं। जमरानी बांध के लिए शुरूआती चरण में 47 करोड़ रूपये जारी किये जा चुके हैं। मुख्यमंत्री ने अल्मोड़ा में गगास, पिथौरागढ़ में थरकोट, लोहाघाट के समीप कोलीढ़ेक व पौड़ी में ल्वाली झील के निर्माण कार्यों में तेजी लाने के निर्देश दिये। बैठक में मुख्यमंत्री ने जनपद हरिद्वार के भौरी में पेयजल के परीक्षण के भी निर्देश दिये हैं, ताकि वहां के निवासियों को हो रही कठिनाई को दूर किया जा सके। वाटर क्वालिटी लेबोरेटरी स्थापित की जाए। मुख्यमंत्री ने त्यूनी–प्लासू हाइड्रो प्रोजेक्ट की भी जानकारी ली। बताया गया कि इस वर्ष सितम्बर तक इस प्रोजेक्ट से संबंधित सभी स्वीकृतियां प्राप्त कर ली जायेगी।

बैठक में जानकारी दी गई कि केदारपुरी की मंदाकिनी नदी की सुरक्षा का पुनर्निमाण का कार्य पूर्ण कर लिया गया है। हरिद्वार के जगजीतपुर में सीवरेज ट्रीटमेन्ट प्लांट का कार्य नवम्बर 2019 तथा विकासनगर के पांच गांवों में स्प्रिंकलर आधारित लिफ्ट सिंचाई निर्माण की योजना का कार्य, मार्च 2020 तक पूर्ण कर लिया जायेगा। राज्य में फ्लोटिंग सोलर पॉवर संयंत्र की स्थापना के लिए एमओयू हो चुका है। इसकी डीपीआर, निविदा एवं निर्माण की कार्यवाही की जा रही है।

# उच्च शिक्षा की गुणवत्ता पर ध्यान दिये जाने की जरूरत

**निर्देश**

■ महाविद्यालयों में प्रधानाचार्यों की तैनाती सुनिश्चित की जाये

देहरादून। **संवाददाता**

मुख्यमंत्री त्रिवेन्द्र सिंह रावत ने छात्रों के व्यापक हित में उच्च शिक्षा की गुणवत्ता पर विशेष ध्यान दिये जाने की जरूरत बतायी है। मुख्यमंत्री ने इसका भी आंकलन करने को कहा है कि इण्टर के बाद कितने छात्र स्नातक में प्रवेश ले रहे हैं। अधिक से अधिक छात्राएं स्नातक में प्रवेश ले सके इसके लिये भी उन्होंने प्रभावी प्रयासों की जरूरत बतायी। शुक्रवार को



सचिवालय में उच्च शिक्षा विभाग की समीक्षा करते हुए मुख्यमंत्री।

सचिवालय में उच्च शिक्षा विभाग की समीक्षा करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश के युवाओं को गुणवत्ता युक्त उच्च शिक्षा उपलब्ध कराना हमारा उद्देश्य होना चाहिए। इसके लिये सभी आवश्यक प्रयास सुनिश्चित किये जाएं। उन्होंने महाविद्यालयों में अवस्थापना सुविधाओं के विकास के साथ ही शिक्षकों की तैनाती, महाविद्यालयों तक सड़कों की उपलब्धता, भवनों के साथ ही आवासीय व्यवस्था पर विशेष ध्यान देने को कहा है।

मुख्यमंत्री ने स्पष्ट निर्देश दिये हैं कि सभी महाविद्यालयों में प्रधानाचार्यों की तैनाती सुनिश्चित की जाय। जिन शिक्षकों की प्रधानाचार्य के पदों पर पदोन्नति हुई है उन्हें अनिवार्य रूप से कार्यभार ग्रहण करने को कहा जाय। जो शिक्षक जिम्मेदारी निभाने में असमर्थ पाये जाते हैं उनके विरूद्ध कार्यवाही की जाय। छात्रों के बेहतर भविष्य के लिये शिक्षक अपनी जिम्मेदारी निभाये, यह सुनिश्चित किया जाना चाहिए।

## नशा तस्करों पर कसा पुलिस ने शिकंजा

**संवाददाता** देहरादून। नशा तस्करों पर पुलिस ने शिकंजा कसना शुरू कर रखा है। इसी क्रम में डालनवाला पुलिस ने अवैध देशी शराब के साथ एक आरोपी गिरफ्तार किया। आरोपी के विरूद्ध मुकदमा दर्ज कर कोर्ट में पेश किया। एसएसपी द्वारा नशे के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान के तहत पुलिस अधीक्षक नगर व सीओ मंसूरी के निकट पर्यवेक्षण में थानाध्यक्ष राजपुर के नेतृत्व में आईटी पार्क चौकी क्षेत्र से मुखबिर की सूचना पर एक व्यक्ति को 54 पव्वे अवैध देशी शराब के साथ गिरफ्तार करने में सफलता प्राप्त की गई। अभियुत्त के विरुद्ध आबकारी अधिनियम में अभियोग पंजीकृत किया गया है, अभियुत्त को आज न्यायालय पेश किया गया। आरोपी की पहचान शाहनवाज निवासी डीएल रोड, अम्बेडकर नगर कॉलोनी थाना डालनवाला के रूप में हुई। इंटेरोगेशन में इसके द्वारा कुछ लोकल पेडलर्स की जानकारी दी गयी हैं, जिनका परीक्षण विश्लेषण कर आवश्यक कार्यवाही की जाएगी।







**स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक**
**प्रदीप चौधरी**
द्वारा
एल.के प्रिंटर्स,74/9,आराघर,देहरादून
से मुद्रित
व जाखन जोहड़ी रोड,
पी.ओ–राजपुर, देहरादून से प्रकाशित।
**संपादकः प्रदीप चौधरी**

**सिटी कार्यालयः**
शिवम् मार्केट, द्वितीय तल
दर्शनलाल चौक, देहरादून।
**फैक्स नं०–**
0135-2650558
(M) 9319700701
pagethreedaily@gmail.com
आर.एन.आई.नं0
UTTHIN\2005\15735
सभी विवादों का न्याय क्षेत्र देहरादून ही मान्य होगा।